>

Title: Need to ensure minimum wages and other social security benefits to workers employed in works outsourced to various agencies particularly in the coal sector.

**श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद):** कोल इंडिया के द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन में आउटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती, उनसे आठ घंटे से अधिक कार्य लिया जाता है। प्रोविडेंट फंड, बोनस, चिकित्सा, आवास तथा अन्य सुविधाएं भी नहीं दी जाती है, देश में बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कोयला उत्पादन किया जा रहा है और इसमें लाखों मजदूर तथा कर्मचारी सम्मिलित हैं तथा इनके लिए वेज बोर्ड में भी प्रावधान नहीं है।

अतः सरकार से मांग करते हैं कि पूरे देश के आउटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए उपरोक्त वर्णित न्यूनतम मजदूरी सहित सभी सुविधाओं को दिलाने का कÂट करें।